रोल नं.

Roll No.

# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर

## Rajasthan State Educational Research and Training Institute, Udaipur

## प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा 2017–18

## Elementary Education Completion Certificate Examination – 2017-18

**नमूना प्रश्न पत्र 2017–18**

**Sample Question Paper 2017-18**

**कक्षा–8**

**Class – 8**

समय : 2½ घण्टे — पूर्णांक – 80

Time : 2½ hours — M.M.-80

विषय – हिन्दी

Subject – Hindi

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–**
**General Instructions to the Exaxminees :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं
3. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
5. जिन प्रश्नों में आंतरिक खंड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ–साथ ही लिखें।
6. प्रश्न संख्या 1 से 8 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें।
7. प्रश्न संख्या 9 से 14 का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में दीजिए।
8. प्रश्न संख्या 15 से 21 का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए।
9. प्रश्न संख्या 22 से 25 का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दीजिए।

**निर्देश– सही उत्तर का चयन कीजिएः–**

1– 'सुभागी' पाठ में गाँव के मुखिया का व्यक्तित्व था –

(अ) अक्खड़ (ब) सज्जन
(स) धनवान (द) कठोर ( ) 1

2– डॉ. चंदा ने माइक्रोबायोलोजी में पीएच.डी. की –

(अ) 1972 में (ब) 1965 में
(स) 1986 में (द) 1976 में ( ) 1

3– अन्न की अधिष्ठात्री देवी कहा गया है –

(अ) कृषि विभाग की गोष्ठी को (ब) इल्ली को

(स) इला को (द) नष्टार्थी देवी को ( ) 1

4– मीरा के आराध्य हैं –

(अ) राम (ब) कृष्ण

(स) गणेश (द) शिव ( ) 1

5– समर्पण कविता के अनुसार हम ऋणी हैं –

(अ) मातृभूमि के (ब) कर्मभूमि के

(स) डॉक्टर के (द) किसान के ( ) 1

6– शक्ति और क्षमा कविता में कौन–किसको समझा रहा है?

(अ) भीष्म पितामह–युधिष्ठिर को (ब) श्री कृष्ण–युधिष्ठिर को

(स) श्री कृष्ण–अर्जुन को (द) भीष्मपितामह–अर्जुन को ( ) 1

7– 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द है –

(अ) नयन (ब) रवि

(स) तरू (द) नीर ( ) 1

8– 'देवता' का विलोम शब्द है :–

(अ) शत्रु (ब) मित्र

(स) दानव (द) बंधु ( ) 1

**निर्देश :– अति लघूत्तरात्मक प्रश्न –**

9– सुभागी घर पर क्या–क्या कार्य करती थी ? 2

10– रणथंभोर अभयारण्य में बाघों की संख्या लगातार क्यों बढ़ रही है ? 2

11– निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए – 2

सीस पगा न झगा तन पै प्रभु,
जाने को आहि, बसै केहि ग्रामा।

12– समर्पण कविता में देशभक्त घर–आँगन से क्षमा क्यों मांगता है ? 2

13– नौ–दो ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – 2

अथवा

निम्नांकित वाक्य में बहुवचन का पद छाँटकर लिखिए–

बालक ............... पढ़ रहे हैं (पुस्तक / पुस्तकें)

14– 'विषहीन' 'क्षमाशील' की तरह 'हीन' एवं 'शील' जोड़कर दो–दो नए शब्द बनाइए – 2

अथवा

'महापुरूष' एवं 'उपराष्ट्रपति' की तरह 'महा' एवं 'उप' जोड़कर दो–दो नये शब्द बनाइए।

**निर्देश :– लघूत्तरात्मक प्रश्न :–**

15– 'हमारी भी सुनो' पाठ में वर्णित जनता की शिकायतों का वर्णन कीजिए। 4

16– ''सुभागी स्वाभिमानी और स्वावलंबी पात्र के रूप में दिखाई देती है।'' सिद्ध कीजिए। 4

17– कुंडलिया छंद में लाठी को उपयोगी बताया है। कैसे ? कोई तीन तर्क दीजिए। 4

18– ''विशहीन, विनीत और सरल साँप द्वारा प्रदत्त क्षमा निरर्थक है।'' शक्ति और क्षमा कविता के आधार पर समीक्षा कीजिए। 4

19– इन शब्दों का प्रयोग कर एक–एक सार्थक वाक्य बनाइए। 4

अ– खुशहाली  ब– उज्ज्वल  स– निर्माण  द– विज्ञान

अथवा

निम्नांकित शब्दों की सहायता से एक–एक वाक्य बनाइए।

राम, दौड़ना, तुम, मिठाई

20– विद्यालय परिसर को हम किस प्रकार साफ रख सकते हैं ? 4

21– सड़क यातायात सुरक्षा संबंधी कोई दो स्लॉगन (नारे) बनाइए। 4

**निर्देश :– निबंधात्मक प्रश्न :–**

22– निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

आज भी गाय हमारी अर्थव्यवस्था का आधाार सिद्ध हो सकती है। गोपालन से परिवार का भरण–पोषण का अधिकांश गुजारा गोधन से प्राप्त दूध, दही, छाछ जैसे पोषक पदार्थो से हो जाता है। खेती में सहायक बैल सामान ढोने में सहायक बन महँगे पेट्रोलियम पदार्थो से मुक्त ग्रामीण पर्यावरण में संतुलन भी बनाते हैं। गोधन का गोबर ईंधन बचाने व उर्जा उत्पादन कर आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाता है। गोपालक की दिनचर्या अनुशासन के धागे में ऐसी पिरोयी जाती है। कि वह स्वस्थ्य जीवन को संबलन प्रदान करती है। गोमय और उससे प्राप्त मिथेन गैंस का उपयोग भोजन बनाने में हो सकता हैं।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ? 2

(ब) गाय से प्राप्त दूध से कौन–कौन से पदार्थ बनते हैं ? 2

(स) सामान ढोने में कौन–सा जानवर सहायक बनता है ? 2

(द) भोजन बनाने मे कौन–सी गैस का उपयोग किया जाता है ? 2

अथवा

23. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 8

पायो जी मैने राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक हो मेरे सतगुरू, किरपा करि अपनायो।
जन्म–जन्म की पूँजी पाई जग में सभी गँवायो।
खरचैं नहिं, कोई चौर न लवै वदिन–दिन बढ़त सवायो।
सत की नाव खेवटिया सतगुरू, भवसागर तर आयो।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर, हरख–हरख जस गायो।

अथवा

धरती जागी, आकाश जगा
वह जागा तो मेवाड़ जगा,

वह गरजा, गरजी दसों दिशा
था पवन रह गया ठगा–ठगा।
हर मन पर था उसका भाासन
पत्थर–पत्थर था सिंहासन।।

24– विद्यालय के खेल मैदान में खड़े दो छात्रों की बातचीत को अपने शब्दों में संवाद रूप में लिखिए। 8

अथवा

आप जयनगर निवासी राहुल हैं। अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य महोदय को अपनी बीमारी के बारें में बताते हुए तीन दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

25– निम्नांकित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए। 8

(अ) गणतंत्र दिवस
(ब) प्रकाश पर्व दीपावली
(स) मेरे सपनों का भारत
(द) स्वच्छ भारत अभियान

अथवा

निम्नांकित में से किसी एक पात्र समूह को आधार मानकर 150 शब्दों में कहानी लिखिए। 8

1 खरगोश और कछुआ
2 शेर और खरगोश
3 हाथी और घोड़ा
4 चिड़िया और अंडे